समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 11 September 2026

# INSPIRE Education Group: ग्रामीण छात्रों के सपनों की उड़ान

Publisher

Published on 24 Jan 2026




ऐसे समय में जब शिक्षा को अक्सर एक व्यवसाय के रूप में देखा जाता है, सुनील शिवलाल राजपूत एक ऐसे शिक्षा सुधारक के रूप में उभरकर सामने आए हैं, जो मानते हैं कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम है। INSPIRE Education Group के संस्थापक सुनील राजपूत ने लाभ से अधिक उद्देश्य को प्राथमिकता देते हुए शहरी सुविधाओं को छोड़ ग्रामीण सशक्तिकरण का मार्ग चुना और आज वे महाराष्ट्र भर में एक प्रेरणास्त्रोत बन चुके हैं।

### शहर मे सिद्ध की गई शैक्षणिक उत्कृष्टता

सुनील राजपूत ने वर्ष 2018 में छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) में निजी क्लासेस की शुरुआत की। कम समय में ही उनके क्लासेस गुणवत्ता, शिस्त और उत्कृष्ट निकाल के लिए पहचाने जाने लगे।
2018 से 2024 के बीच उनके मार्गदर्शन में पढ़े सैकड़ों विद्यार्थी डॉक्टर, इंजीनियर, आर्मी, नेवी, एयरफोर्स, पुलिस तथा विभिन्न सरकारी और निजी क्षेत्रों में सफल हुए।

कठिन शहरी प्रतिस्पर्धा के बावजूद उनके विद्यार्थियों ने अपनी गुणवत्ता सिद्ध की, जिससे सुनील राजपूत एक परिणामोन्मुख और विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षक के रूप में स्थापित हुए।

### एक सवाल जिसने दिशा बदल दी

शहरी सफलता के शिखर पर रहते हुए उनके मन में एक सवाल लगातार उठता रहा—
**“जब शहरों मे संभी शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध है, तो ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का क्या ?”**

यही प्रश्न एक बड़े और साहसिक निर्णय का आधार बना।

### ग्रामीण शिक्षा की ओर साहसिक कदम

जून 2024 में सुनील शिवलाल राजपूत ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया। उन्होंने शहरी शिक्षा व्यवस्था को छोड़कर पूर्णतः ग्रामीण शिक्षा को समर्पित होने का रास्ता चुना। आर्थिक, सामाजिक और व्यवस्थात्मक कठिनाइयों की पूरी जानकारी होते हुए भी उन्होंने यह जोखिम विद्यार्थियों के भविष्य के लिए स्वीकार किया।

इसी के साथ ग्रामीण क्षेत्र में INSPIRE Education Group की पहली शाखा शुरू हुई और एक नई शैक्षणिक चळवळ की शुरुआत हुई।

### विश्वास के साथ तेज़ विस्तार

ग्रामीण विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्थानीय समाज से मिले जबरदस्त प्रतिसाद के कारण INSPIRE Education Group ने पहले ही वर्ष में मजबूत नींव स्थापित की।
2025 में इस विश्वास के बल पर तीन नई शाखाओं की शुरुआत की गई।

ग्रामीण बच्चों में प्रारंभिक शिक्षा के महत्व को समझते हुए सुनील राजपूत ने **प्री-प्रायमरी इंग्लिश स्कूल** की भी स्थापना की, जो ग्रामीण क्षेत्रों में अंग्रेज़ी माध्यम शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### पढ़ाई से आगे सर्वांगीण विकास

INSPIRE Education Group केवल अकादमिक क्लास नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास पर ध्यान देता है।
यहाँ विद्यार्थियों को—

- शैक्षणिक प्रतियोगिताओं
- सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों
- खेल और नेतृत्व विकास
- सामाजिक व राजनीतिक जागरूकता

में सक्रिय भागीदारी के अवसर दिए जाते हैं।

ग्रामीण विद्यार्थियों ने अनेक प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर यह साबित किया है कि वे किसी से कम नहीं हैं।

### ग्रामीण-शहरी अंतर को तोड़ने का प्रयास

INSPIRE Education Group द्वारा ग्रामीण विद्यार्थियों को शहरी स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए ले जाया गया। शहरी विद्यार्थियों से सीधी टक्कर में ग्रामीण छात्रों ने आत्मविश्वास, कौशल और गुणवत्ता के बल पर सफलता प्राप्त की, जिससे वर्षों से चला आ रहा न्यूनगंड समाप्त हुआ।

### संघर्षों के बावजूद अटूट संकल्प

सीमित संसाधन, परिवहन की समस्याएँ, सामाजिक विरोध और मानसिक दबाव—इन सभी चुनौतियों के बावजूद सुनील राजपूत डटे रहे।
उनके लिए विद्यार्थियों की आँखों में दिखती आशा और अभिभावकों का विश्वास ही सबसे बड़ी ताकत बन गया।

### विविध शैक्षणिक कार्यक्रम

INSPIRE Education Group में निम्नलिखित सुविधाएँ उपलब्ध हैं—

- कक्षा 1 से 12 तक के क्लासेस
- स्पोकन इंग्लिश

- नवोदय स्कॉलरशिप तैयारी
- अबैकस
- सुंदर हस्तलेखन
- प्री-प्रायमरी इंग्लिश स्कूल

आधुनिक शिक्षा पद्धतियों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया के लिए तैयार किया जाता है।

**सम्मान और पुरस्कार**

सुनील शिवलाल राजपूत को उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए—

- **7 आदर्श शिक्षक पुरस्कार**
- **3 सामाजिक पुरस्कार**
- **1 उद्योजकता पुरस्कार**

प्राप्त हो चुके हैं। ये पुरस्कार ग्रामीण प्रतिभा पर उनके अटूट विश्वास का प्रमाण हैं।

**बिना विज्ञापन के राज्यव्यापी पहचान**

INSPIRE Education Group की सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि इसके कार्य की चर्चा महाराष्ट्र भर में हो रही है।
हर दो दिन में लगभग **13 समाचार पत्रों** में उनके शैक्षणिक कार्य की खबरें प्रकाशित होती हैं—वह भी बिना किसी पेड विज्ञापन के।

**एक आंदोलन, सिर्फ संस्था नहीं**

सुनील शिवलाल राजपूत के लिए यह यात्रा व्यवसाय नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य की लड़ाई है।
ग्रामीण विद्यार्थी जब आत्मविश्वास के साथ राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, तब INSPIRE Education Group शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन का सशक्त उदाहरण बन चुका है।

**सम्मान और पहचान**

**सुनील राजपूत** की इस शानदार उपलब्धि को "**Maharashtra Business Icon 2025 / Maharashtra Style Icon 2025 / Maharashtra Fashion Icon 2025**" जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों के लिए चुना गया है। यह सम्मान **Reseal.in** और **India Fashion Icon Magazine** द्वारा उन उभरते उद्यमियों और रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है।

**भव्य पुरस्कार समारोह**

इस पुरस्कार समारोह में कई प्रसिद्ध फिल्मी हस्तियाँ शामिल होंगी:
? **वर्षा उसगांवकर** – बॉलीवुड अभिनेत्री
? **सोनाली कुलकर्णी** – भारतीय अभिनेत्री
? **प्रार्थना बेहेरे** – भारतीय अभिनेत्री

यह आयोजन **श्री सुधीर कुमार पठाडे**, *Founder & CEO, Sure Me Multipurpose Pvt. Ltd. (Reseal.in)* के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा, जो महाराष्ट्र के उद्यमियों और प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच देने के लिए कार्यरत हैं

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.